i"BHkfe lc/kh nLrkost h
lpuk

Ontario

vVkuh tujy ¼egkU;k;oknh½
e=ky;

lkeqnkf;d lj{kk ,o lq/kkjkRed lok
e=ky;

तत्काल प्रकाशन के लिए
8 दिसंबर, 2006

gV ØkbEl dE;fuVh ofdx xi ¼सामुदायिक घृणा अपराध प्रबंध समूह½ dh fjikV

हेट क्राइम्स कम्यूनिटी वर्किंग ग्रुप का गठन, दिसम्बर 2005 में अटॉर्नी जनरल, माइकल ब्राइंट और सामुदायिक सुरक्षा एवं सुधारात्मक सेवा मंत्री, मोंटे क्विंटर द्वारा किया गया था। इस ग्रुप को घृणा अपराध पीड़ितों की सहायता सेवाएं बढ़ाने के उपायों सहित इस प्रांत में घृणा अपराधों से निपटने और सामान्यतः व्यक्तिगत तथा समुदाय दोनों में निर्देशित घृणा अपराध उत्पीड़न में कमी के तरीकों पर मंत्रियों को सलाह देने का अधिदेश दिया गया था।

10 सदस्यों ने घृणा अपराध से निपटने के अपने कार्य में सामुदायिक दृष्टिकोण, विशेषज्ञता और अनुभव की विविधता प्रस्तुत की। इस प्रबंध समूह ने प्रकाशित शोध–पत्रों की समीक्षा की, क्षेत्रीय सामुदायिक बैठकों और फोकस समूहों का आयोजन किया, घृणा अपराध कार्य में शामिल एजेंसियों को इलेक्ट्रॉनिक प्रश्नावली वितरित की और शिक्षाविदों, वकीलों, सरकारी अधिकारियों, पीड़ित सेवा कर्मचारी, अभियोक्ताओं, पुलिस और शिक्षकों से मुलाकात की। इस प्रबंध समूह ने कई उत्पीड़ित समूहों, जैसे मूल निवासी, अफ्रीकी कैनेडियाई, यहूदी, अरबी, मुस्लिम, दक्षिण एशियाई, पूर्वी एशियाई और समलिंगी महिलाएं/समलिंगी व्यक्ति/द्वियौनाकर्षण/लिंग–परिवर्तित/(नपुंसक)/अंतर्लिंगी समुदाय के प्रतिनिधियों से सीधे बातचीत की। कुल मिलाकर, प्रबंध समूह ने 600 से अधिक भागीदारों और समुदाय सदस्यों के विचार प्राप्त किए।

gV ØkbEl dE;fuVh ofdx xi d lnL;

अध्यक्षः कैरेन मॉक
सदस्यः मैरी चेन, जरमेन इलियट, बर्नी फार्बर, राजा खोड़ी, इजाज़ क़मर, उज़्मा शाकिर, हॉवर्ड शुलमन, एनी–मैरी स्टीवर्ट, जेन तालिम।

çLrkfor uhfr

इस प्रबंध समूह ने घृणा अपराधों और घृणा घटनाओं के प्रत्युत्तर तथा घृणा पीड़ितों की सहायता में सक्रियता, समावेशन, नवीनीकरण और प्रभाविता को प्रोत्साहन देने के लिए एक नीति का प्रस्ताव किया है। यह नीति *आपराधिक कोड* के तहत पहचाने गए घृणा अपराधों के अतिरिक्त भी काम करती है। यह न केवल व्यक्तिगत घृणा कृत्यों, बल्कि उन प्रवृत्तियों, पद्धतियों, संरचनाओं और व्यवस्थाओं से भी निपटती है जो उनकी सहायक बनती अथवा उन्हें माफ कर देती हैं।

इस प्रबंध समूह ने नीति के प्रत्येक घटक के अंतर्गत लक्ष्यों और विषयगत विवरणों को शामिल किया है, तथा इनकी प्राप्ति में मदद के लिए सिफारिशें की हैं। इस नीति में मूल निवासियों की एकल स्थिति, समुदायों की भूमिका, उन व्यावसायिकों, जो पीड़ितों से बात करते हैं, पीड़ितों की सेवा करते हैं, न्याय

प्रणाली और लोक जागरूकता तथा समझ के दायरे में प्रत्युत्तर एवं समाधान देते हैं, को शिक्षा और प्रशिक्षण सहित घृणा और घृणा अपराधों से संबंधित क्षेत्रों का विस्तृत विस्तार शामिल किया गया है।

इस दस्तावेज का अनुवाद 21 भाषाओं में किया जाएगा और जल्दी ही www.attorneygeneral.jus.gov.on.ca पर उपलब्ध होगा।

यह पूरी रिपोर्ट मंत्रालय की वेबसाइटः www.attorneygeneral.jus.gov.on.ca पर अंग्रेजी और फ्रांसीसी भाषा में उपलब्ध है।

- 30 -

संपर्क सूत्रः

ब्रेनडन क्रॉले (Brendan Crawley)
अटॉर्नी जनरल मंत्रालय
(Ministry of the Attorney General)
संचार शाखा (Communication Branch)
(416) 326–2210

एंथनी ब्रॉउन (Anthony Brown)
सामुदायिक सुरक्षा एवं सुधारात्मक सेवा मंत्रालय
(Ministry of Community Safety and Correctional Services)
संपर्क शाखा (Communication Branch)
(416) 314–7772

www.attorneygeneral.jus.gov.on.ca